# The ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE - HINDI

# CURRENT AFFAIR BOOSTER

**20 – 05 – 2023**

**SATURDAY**



### 1 .आरबीआई 2,000 रुपये के नोट को चलन से किया बाहर, कानूनी निविदा के रूप में रहेगा जारी




केंद्रीय रिजर्व बैंक ने 2000 रुपये के नोट को लेकर बड़ा फैसला लिया है, जिसके तहत अब वो चलन से बाहर हो जाएगा।वो लीगल टेंडर (वैध मुद्रा) बना रहेगा।कि सभी बैंकों को सलाह दी जाती कि वे 2000 के नोट किसी को ना दें। इस आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। वहीं जनता में अफरा-तफरी ना मचे, इसके लिए आरबीआई ने साफ किया कि अभी 2000 का नोट भारत की वैध मुद्रा है। जिसके पास ये नोट हैं, वो 30 सितंबर तक बैंकों में जमा कर सकते हैं।आरबीआई ने 2000 रुपये के नोट बंद करने की प्लानिंग पहले से कर रखी थी। जिसके तहत उसकी छपाई काफी वक्त पहले रोक दी गई थी। केंद्रीय बैंक की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2019-20, 2020-21 और 2021-22 में 2000 रुपये के नोट एकदम नहीं छपे। इस वजह से वो अब बाजार में कम देखने को मिलते हैं।

### 2. भारत के बाहर अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड के उपयोग पर 20% लगेगा टीसीएस




केंद्र सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से एक नियम में संशोधन किया है जो भारत के बाहर क्रेडिट कार्ड के उपयोग पर स्रोत पर 20 प्रतिशत कर संग्रह (टीसीएस) को आकर्षित करेगा।कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन (चालू खाता लेनदेन) (संशोधन) नियम, 2023 में एक जुलाई से उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड भुगतान शामिल होंगे। कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन (चालू खाता लेनदेन) नियम, 2000 के नियम 7 को हटा दिया गया है, जो एलआरएस के तहत भारत के बाहर यात्रा पर खर्च को पूरा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड के उपयोग को लाता है।भारत के बाहर क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लेनदेन लाती है, जो 1 जुलाई से 2022-23 के बजट में घोषित टीसीएस की उच्च लेवी को सक्षम बनाता है।कि यात्रा के दौरान विदेश में क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल को पहले एलआरएस के तहत शामिल नहीं किया जाता था। इसमें पहले डेबिट कार्ड, फॉरेक्स कार्ड और बैंक ट्रांसफर शामिल थे।

### 3. झारखंड में सुगम ग्रामीण परिवहन के लिए प्रारंभ की 'मुख्यमंत्री ग्राम गाडी योजना



झारखंड में दूर-दराज के दुर्गम ग्रामीण इलाकों में लोगों को सुलभ परिवहन मुहैया कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्रामीण गाड़ी योजना की शुरुआत होने जा रही है।इस योजना के तहत वैसे इलाकों में सरकार वाहन चलाएगी जहां लोगों को प्रखंड या जिला मुख्यालय जाना हो तो गाड़ी पकड़ने के लिए कम से कम 25 किमी की दूरी पैदल ही तय करनी पड़ती है।20-25 किमी का सफर पैदल तय करने के बाद मुख्य सड़क तक पहुंचते हैं और फिर उन्हें वाहन मिलता है।जिला मुख्यालय में काम निपटाकर घर वापस लौटने में अक्सर देर रात हो जाती है। ऐसे में उनका समय और खर्च बचाने के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री ग्रामीण गाड़ी योजना शुरू करने का सोचा। कि

पिछले दिनों कैबिनेट की मीटिंग में झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य के सुदूर ग्रामीण इलाकों में वाहन चलाने का प्रस्ताव पास किया था।परिवहन मंत्री ने सभी जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारियों के साथ मीटिंग की। मीटिंग में उन इलाकों की पहचान करने को कहा गया जहां वाहन चलाने की जरूरत है। साथ ही जिला परिवहन पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है

### 4. मप्र सरकार ने बेरोजगार युवाओं के लिए प्रारंभ की 'मुख्यमंत्री सीखो कमाओ' योजना



मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना

| शैक्षणिक योग्यता | स्टायपेंड (प्रतिमाह) |
|---|---|
| 12वीं पास | 8,000 रुपये |
| आईटीआई पास | 8,500 रुपये |
| डिप्लोमा होल्डर | 9,000 रुपये |
| स्नातक, स्नातकोत्तर | 10,000 रुपये |

शिवराज सिंह चौहान सरकार ने बेरोजगार युवाओं के लिए बड़ी घोषणा की है।सीएम शिवराज सिंह चौहान की कैबिनेट ने अपनी विशेष बैठक में को बेरोजगार युवाओं के लिए 'मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना' को मंजूरी प्रदान की I राज्य सरकार की ओर से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, 12वीं पास, आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन कर चुके युवा इस योजना के पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत युवाओं को काम सिखाया जाएगा। इसके बदले सरकार की ओर से उन्हें हर महीने रकम भी दी जाएगी। कि मध्य प्रदेश सरकार ने युवाओं के लिए एक नई क्रांतिकारी योजना लॉन्च कर रही है। इस योजना का नाम मुख्यमंत्री सीखो- कमाओ योजना है।

### 5. नेपाली पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने 27वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने का बनाया रिकॉर्ड



नेपाल के एक पर्वतारोही ने शानदार रिकॉर्ड अपने नाम किया है. रिकॉर्ड बनाने वाले नेपाली पर्वतारोही का नाम कामी रीता शेरपा है. उन्होंने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर 27वीं बार पहुंचने का कीर्तिमान स्थापित किया है. इस तरह शेरपा ने सबसे अधिक बार माउंट एवरेस्ट पर पहुंचने का रिकॉर्ड अपने नाम किया. कामी रीता शेरपा बुधवार की सुबह एक वियतनामी अभियान दल का मार्गदर्शन करते हुए दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत शिखर पर सफलतापूर्वक पहुंचे. इस बात की जानकारी अभियान के आयोजक सेवन समिट ट्रैक्स के मिंगमा शेरपा दी. एक पर्वतारोही ने 26वीं बार दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत शिखर पर चढ़ाई कर रिकॉर्ड बनाया था. इसे महज दो दिन बाद ही कामी रीता शेरपा ने तोड़ डाला. कि 53 वर्षीय कामी रीता शेरपा ने 2018 में ही 22 वीं बार एवरेस्ट की चढ़ाई पूरी कर ली थी, तब से उनके नाम यह रिकॉर्ड दर्ज है, लेकिन रविवार को एक और पर्वतारोही पासंग दावा शेरपा (46) ने 26वीं बार चोटी पर पहुंचकर रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया था.

### 6. असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर विकसित किया जाएगा 'नदी तट धार्मिक पर्यटन सर्किट



असम में 'नदी तट धार्मिक पर्यटन सर्किट' के विकास के लिए आज गुवाहाटी में भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण, सागरमाला विकास निगम लिमिटेड, असम पर्यटन विकास निगम और अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन विभाग के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इससे असम नदी पर्यटन क्षेत्र में एक नये अध्याय का शुभारंभ होगा। कि नदी तट धार्मिक पर्यटन सर्किट का विकास असम में पर्यटन क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रखर नेतृत्व में भारत की एक्ट ईस्ट नीति पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्रमुख विकास परियोजनाओं के माध्यम से स्पष्ट हो रही हैं।कि नदी तट धार्मिक पर्यटन सर्किट राज्य में पर्यटन को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करेगा। यह गुवाहाटी में स्थित कामाख्या, पांडुनाथ, अश्वक्लांता, दौल गोविंदा, उमानंद, चक्रेश्वर और औनियाती सातरा नाम के सात ऐतिहासिक मंदिरों को जोड़ेगा और आधुनिक फेरी सेवा की सुविधा प्रदान करेगा। यह परियोजना एक वर्ष में पूरी होगी।

### 7. तमिलनाडु में उद्घाटित हुआ भारत का सबसे बड़ा स्काईवॉक पुल



भारत के एक महत्वपूर्ण स्काइवॉक पुल का उद्घाटन हाल ही में किया गया है। इस पुल की लंबाई 570 मीटर और चौड़ाई 4.2 मीटर है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा इस स्काइवॉक पुल का औपचारिक उद्घाटन किया गया है। यह परियोजना पैदल यात्रियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से एक बड़ी मल्टी-मोडल पहल का हिस्सा है। स्मार्ट सिटी फंड से 28.45 करोड़ रुपये की लागत से ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन (जीसीसी) द्वारा निर्मित, स्काईवॉक को रंगनाथन स्ट्रीट, मैडली रोड और मार्केट स्ट्रीट जैसे प्रमुख क्षेत्रों में यातायात की भीड़ को कम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। कि स्काईवॉक प्रतिदिन लगभग एक लाख लोगों को पूरा करेगा। उद्घाटन के दौरान, मुख्यमंत्री स्टालिन व्यक्तिगत रूप से स्काईवॉक पुल के पार चले, कार्यक्रम को देखने के लिए एकत्र हुए लोगों के साथ बातचीत की। उन्होंने कुछ उपस्थित लोगों के साथ सेल्फी भी ली।

### 8. RBI ने वित्त वर्ष 2023 के लिए सरकार को 87,416 करोड़ रुपये के अधिशेष हस्तांतरण को दी मंजूरी




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए सरकार को 87,416 करोड़ रुपये के अधिशेष के हस्तांतरण को मंजूरी दे दी है। यह राशि पिछले साल के 30,307 करोड़ रुपये के हस्तांतरण से करीब तीन गुना अधिक है। अमेरिकी खजाने पर बढ़ती पैदावार जैसी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, आरबीआई के अधिशेष हस्तांतरण से सरकार के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। कि बंपर अधिशेष हस्तांतरण के पीछे प्रमुख चालक वित्त वर्ष 2022-23 में रिकॉर्ड सकल विदेशी मुद्रा बिक्री से लाभ है। फरवरी 2023 तक आरबीआई की विदेशी मुद्रा भंडार की बिक्री लगभग 206 मिलियन डॉलर होने का अनुमान है, जिसने बढ़े हुए अधिशेष में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आरबीआई से केंद्र सरकार को 87,416 करोड़ रुपये के अधिशेष हस्तांतरण से जीडीपी का लगभग 0.2 प्रतिशत अतिरिक्त राजस्व आने की उम्मीद है। धन के इस निवेश से कम कर राजस्व और विनिवेश के कारण संभावित राजस्व नुकसान की आंशिक भरपाई करने में मदद मिल सकती है।

**QUIZ**

**1. लखनऊ सुपर जायंट्स ने चोटिल गेंदबाज़ जयदेव उनादकट के स्थान पर किस खिलाड़ी को टीम में शामिल किया है?**

(a) सूर्यांश शेडगे
(b) अभय सिंह
(c) सरफराज खान
(d) आलोक बनर्जी

**EXPLANATION-:** लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) के चोटिल गेंदबाज़ जयदेव उनादकट आईपीएल-2023 से बाहर हो गए है. लखनऊ सुपर जायंट्स ने उनकी जगह 20-वर्षीय ऑल-राउंडर सूर्यांश शेडगे को टीम में शामिल किया गया है. आईपीएल ऑक्शन में एलएसजी ने सूर्यांश को ₹20 लाख में खरीदा था.

**2. अमेज़न वेब सर्विसेज 2030 तक भारत के क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर में कितने निवेश की घोषणा की है?**
(a) 12.7 बिलियन डॉलर
(b) 13.7 बिलियन डॉलर
(c) 14.7 बिलियन डॉलर
(d) 15.7 बिलियन डॉलर

**EXPLANATION-:** क्लाउड सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के उद्देश्य से, अमेज़न वेब सर्विसेज 2030 तक भारत में 12.7 बिलियन डॉलर का निवेश करेगा. जिससे भारत की अर्थव्यवस्था में $23.3 बिलियन के योगदान की उम्मीद है. AWS इंडिया और दक्षिण एशिया में वाणिज्यिक व्यवसाय के अध्यक्ष पुनीत चंडोक ने भारत में आर्थिक परिवर्तन लाने के लिए AWS की प्रतिबद्धता को दोहराया है.

**3. हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में 2 नए जजों की नियुक्ति के बाद जजों की संख्या बढ़कर कितनी हो गयी है?**
(a) 31
(b) 32
(c) 33
(d) 34

**EXPLANATION-:** देश के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और वरिष्ठ अधिवक्ता के.वी. विश्वनाथन को सुप्रीम कोर्ट के नए न्यायाधीश के रूप में पद की शपथ दिलाई है. इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने जजों की संख्या बढ़कर 34 हो गयी है. मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ के बाद जस्टिस विश्वनाथन 12 अगस्त, 2030 से 25 मई, 2031 तक सीजेआई बन सकते है.

**4. चक्रवात मोचा से प्रभावित म्यांमार में भारत ने कौन-सा बचाव अभियान चलाया है?**
(a) ऑपरेशन दुर्गा
(b) ऑपरेशन शक्ति
(c) ऑपरेशन मदद
(d) ऑपरेशन करुणा

**EXPLANATION-:** हाल ही में आये चक्रवात 'मोचा' (Cyclone Mocha) से प्रभावित म्यांमार की सहायता के लिए भारत ने 'ऑपरेशन करुणा' लांच किया है. विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ट्विटर के माध्यम से इस बात की जानकारी दी है. 'ऑपरेशन करुणा' के तहत भारतीय नौसेना के चार जहाज भेजे गए है. म्यांमार (पूर्व में बर्मा) एक दक्षिण पूर्व एशियाई देश है, जिसकी सीमा भारत, बांग्लादेश, चीन, लाओस और थाईलैंड से लगती है.

**5. केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री के तौर पर किसे नियुक्त किया गया है?**
(a) अर्जुन राम मेघवाल
(b) एस.पी. सिंह बघेल
(c) किरण रिजिजू
(d) अनुराग सिंह ठाकुर

**EXPLANATION -:** केन्द्रीय मंत्री एस.पी. सिंह बघेल को केंद्रीय कानून राज्यमंत्री के कार्यभार से मुक्त कर दिया गया है. बघेल को अब केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री के तौर पर नियुक्त किया गया है. इससे पहले किरण रिजिजू की जगह अर्जुन राम मेघवाल को देश का नया कानून मंत्री नियुक्त किया था.

**6. हाल ही में किस शहर की पुलिस ने 'स्टे इन योर लेन अभियान शुरू किया है ?**
(a) मुंबई
(b) शारजाह
(c) हैदराबाद
(d) लखनऊ

**EXPLANATION - :** संयुक्त अरब अमीरात की शारजाह पुलिस ने सड़क के उल्लंघन को रोकने के लिए मई में 'स्टे इन योर लेन' एक यातायात अभियान शुरू किया।अभियान का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाकर और यातायात नियमों और निर्देशों के पालन को बढ़ावा देकर चालकों और अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच यातायात संस्कृति में सुधार करना है। अभियान में शारजाह पुलिस की सोशल नेटवर्किंग साइटों के माध्यम से तीन अलग-अलग भाषाओं में जागरूकता संदेशों का प्रसार शामिल है।

**7. हाल ही में किसने फ़ूड डेलिवरी एप 'वायु लांच किया है ?**
(a). यथार्थ अघनोत्री
(b). सुनील शेट्टी

(c). अनिल विज
(d). राजीव धर

**EXPLANATION -:** बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने हाल ही में फूड डिलीवरी ऐप वायु लॉन्च की है। इस ऐप में कस्टमर्स को दूसरी एप के मुकाबले काफी सस्ते में खाना मिलेगा। कहा जा रहा है कि दूसरे प्लेटफॉर्म से ऐप वायु में 15 से 20 फीसदी सस्ता खाना उपलब्ध कराया जाएगा। हालांकि ये सर्विस अभी सिर्फ मुंबई में ही उपलब्ध है। इस ऐप को जल्द ही दूसरे शहरों में भी लॉन्च किया जाएगा। सुनीस इस ऐप को मेट्रो और नॉन-मेट्रो सिटीज में भी लाने की प्लेनिंग में है। सुनील इस कंपनी के ब्रांड एंबेसडर हैं।

**8. हाल ही में IPL में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज कौन बने हैं ?**
(a) रविंद्र जडेजा
(b) युजवेंद्र चहल
(C) ट्रेंड बोल्ट
(d) मोहम्मद शमी

**EXPLANATION -:** यजुवेंद्र चहल – 18 विकेट (144 मैच) आईपीएल इतिहास में बल्लेबाजों को सबसे ज्यादा आउट करने वाले बॉलर युजवेंदर चहल है, वह अब तक अपनी 143 पारियों में 187 विकेट लेकर इस टूर्नामेंट के Highest Wicket Taker है। वे अब तक 519 ओवर गेंदबाजी कर चुके हैं, जिसमें उन्होंने 7.64 की इकोनामी से मात्र 3979 रन दिए हैं।

**ONE LINER**

किसे अखिल भारतीय नाट्य परिषद का अध्यक्ष चुना गया है – प्रशांत दामले
किसे पेट्रोल और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है – एके जैन
Zomato ने किस बैंक के साथ मिलकर Zomato लंच किया है – ICICI बैंक
न्यूयॉर्क पुलिस विभाग में सर्वोच्च रैंकिंग वाली दक्षिण एशियाई महिला कौन बनी है – प्रतिमा भुल्लर
साउथ एशियन यूथ टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2023 कहां संपन्न हुए हैं – ईटानगर
महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में ज्योति याराज़ी ने कौन सा पदक जीता है – स्वर्ण पदक
तीसरी G20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप की बैठक कहां आयोजित की जाएगी – श्रीनगर
जल जीवन मिशन ने कितने करोड़ नल जल कनेक्शन की उपलब्धि हासिल की है – 12 करोड़
हाल ही में कहां सात धार्मिक स्थल जल मार्ग से जुड़ेंगे – गुवाहाटी
हाल ही में कहां इंटरनेशनल ओरोमा पार्क का फेज – 1 पूरा हुआ है – कन्नौज
हाल ही में भारतीय सेना की गजराज कौर ने कहा जल राहत अभ्यास आयोजित किया है – असम